**Ans. (b) :** हेमोडायलिसिस प्रक्रियाओं में उपयोग किए गए डायलाइजर और टयूबिंग को लाल रंग के बैग में निपटाया जाता हैं। वे दूषित अपशिष्ट पदार्थ के अन्तर्गत आते है और उनका उचित तरीके से निपटान करना जरूरी हैं। लाल बैग को ऐसे अपशिष्ट को रखने के लिए डिजाइन किया गया है जिनमें संक्रामक एजेन्ट या हानिकारक पदार्थ होने की संभावना होती है।

**36. Proteins are formed by the polymerization of amino acids through peptide bonds. What is formed when only a few amino acids are linked together?**

**प्रोटीन पेप्टाइड बॉन्ड के माध्यम से अमीनो एसिड के बहुलकीकरण से बनते हैं। जब केवल कुछ अमीनो एसिड एक साथ जुड़ते हैं तो क्या बनता है?**

(a) Oligopeptide/ ओलिगोपेप्टाइड
(b) Proteins/ प्रोटीन
(c) Peptides/ पेप्टाइड्स
(d) Polypeptides/ पॉलीपेप्टाइड्स

**Ans. (a) :** आलिगोपेप्टाइड, अमीनों एसिड की एक छोटी शृंखला है, जिसे कुछ अमीनों एसिड के एक साथ जुड़े होने के रूप में परिभाषित किया जाता है। यह पॉलीपेप्टाइड की तुलना में एक छोटी संरचना है। ओलिगोपेप्टाइड में डाइपेप्टाइडस (2 अमिनो एसिड)ट्राइपेप्टाइड्स (3 अमिनो एसिड) आदि शामिल हैं।

**37. If the pre dialysis Blood Urea is 60 mg/dL and the same post dialysis 18 mg/dL, what is the URR?/यदि डायलिसिस से पहले रक्त यूरिया 60 mg/dL है और डायलिसिस के बाद 18 mg/dL है, तो URR क्या है?**

(a) 80%
(b) 62%
(c) 52%
(d) 70%

**Ans. (d) :** यूरिया रिडक्शन रेशियों (URR) यह मापता है कि डायलिसिस शरीर से यूरिया को कितनी प्रभावी रूप से हटाता है। इसकी गणना निम्नलिखित फार्मूले से की जाती है।

अतः $URR = \frac{100 \times (\text{Pre BUN} - \text{Post BUN})}{\text{Pre dialysis BUN}}$

**38. Which peritoneal dialysis modality is used in urgent situations involving uremia or fluid overload, commonly referred to as 'urgent-start PD'?"**
**यूरीमिया या द्रव अधिभार वाली तत्काल स्थितियों में कौन सी पेरिटोनियल डायलिसिस पद्धति का उपयोग किया जाता है, जिसे आमतौर पर 'अर्जेंट-स्टार्ट पीडी' कहा जाता है?**

(a) NIPD
(b) Automated PD/ऑटोमेटेड पीडी
(c) Urgent start-PD/तत्काल प्रारंभ पीडी
(d) CAPD

**Ans. (c) :** तत्काल प्रारंभ पेरिटोनियल डायलिसिस (USPD) एक ऐसी रणनीति है जिसमें कैथेटर प्लेसमेंट के तुरंत बाद पेरिटोनियल डायलिसिस शुरू किया जाता है, प्रायः कैथेटर डालने के 2 सप्ताह के भीतर। यह उन रोगियों में किया जाता है जिसमें डायलिसिस की तुरंत आवश्यकता होती है जैसे अंतिम चरण के किडनी रोगी में।

**39. What indicates the presence of residual formalin when using Schiff's reagent?**
**शिफ के अभिकर्मक का उपयोग करते समय अवशिष्ट फॉर्मेलिन की उपस्थिति का क्या संकेत है?**

(a) Blue colour/ नीला रंग
(b) Yellow colour/ पीला रंग
(c) No colour change/ कोई रंग परिवर्तन नहीं
(d) Red or violet colour/लाल या बैंगनी रंग

**Ans. (d) :** शिफ अभिकर्मक में बैंगनी या मैजेंट रग का विकास अवशिष्ट फॉमेल्डिहाइड की उपस्थिति को सूचित करता हैं यह रंग परिवर्तन फॉमेल्डिहाइड और शिफ अमिकर्मक के बीच प्रतिक्रिया के कारण होता है, जिसके परिणाम स्वरूप बैंगनी या मैजेंट यौगिक बनता है।

**40. Which of the following best defines osmosis in the context of renal dialysis?**
**गुर्दे के डायलिसिस के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा ऑस्मोसिस (परासरण) को सबसे अच्छी तरह परिभाषित करता है?**

(a) The movement of solvent (water) from an area of low solute concentration to an area of high solute concentration across a semi-permeable membrane./ एक अर्ध-पारगम्य झिल्ली के पार विलायक (पानी) का कम विलेय सांद्रता वाले क्षेत्र से उच्च विलेय सांद्रता वाले क्षेत्र की ओर गति।
(b) The movement of solutes from an area of low concentration to an area of high concentration across a semi-permeable membrane./ एक अर्ध-पारगम्य झिल्ली के पार विलेय का कम सांद्रता वाले क्षेत्र से उच्च सांद्रता वाले क्षेत्र की ओर गति।
(c) The active transport of solutes across the dialysis membrane using ATP./ एटीपी का उपयोग करके डायलिसिस झिल्ली के पार विलेय का सक्रिय परिवहन।
(d) The passive movement of solutes from the blood into the dialysate due to a pressure gradient./ दबाव प्रवणता के कारण रक्त से डायलीसेट में विलेय की निष्क्रिय गति।

**Ans. (a) :** ऑस्मोसिस का सिद्धान्त विलायक को कम विलेय सांद्रता वाले क्षेत्र से अर्द्धपारगम्य झिल्ली के पार उच्च विलेय सांद्रता वाले क्षेत्र में ले जाना है। यह रीनल डायलिसिस का मौलिक सिद्धान्त है। इसका उपयोग रक्त से अतिरिक्त तरल पदार्थ और अपशिष्ट उत्पादों को निकालने के लिए किया जाता है।

**41. What is the primary principle behind the blood path integrity test in dialyzer safety checks in automated reuse?**
**ऑटोमेटेड पुनः उपयोग में डायलाइज़र सुरक्षा जांच में ब्लड पाथ इंटीग्रिटी टेस्ट (रक्त पथ अखंडता परीक्षण) के पीछे प्राथमिक सिद्धांत क्या है?**

(a) To know fiber bundle volume/ फाइबर बंडल की मात्रा जानने के लिए
(b) To avoid blood leaks/ रक्त रिसाव से बचने के लिए
(c) To avoid air-embolism/ एयर-एम्बोलिज्म (हवा का बुलबुला) से बचने के लिए
(d) To find Kt/V/ Kt/V का पता लगाने के लिए

**Ans. (b) :** डायलाइजर में रक्त पथ अखंडता परीक्षण के पीछे प्राथमिक सिद्धान्त डायलाइजर की झिल्ली या आवरण में किसी भी रिसाव का पता लगाना है, जो रक्त या डायलीसेट को मिश्रित करने की अनुमति दे सकता है जो रोगी की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकता हैं। यह परीक्षण डायलाइजर झिल्ली के माध्यम से तरल पदार्थ या रक्त के प्रवाह के लिए किसी भी अनापेक्षित मार्ग की जाँच करता है।

**42. Why is lowering $\beta$2-microglobulin levels important in dialysis patients?**
**डायलिसिस रोगियों में β2-माइक्रोग्लोबुलिन (β2-microglobulin) के स्तर को कम करना क्यों महत्वपूर्ण है?**

(a) To prevent clotting/ थक्के बनने से रोकने के लिए
(b) To lower morbidity and mortality/रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए
(c) To improve fluid balance/ द्रव संतुलन में सुधार करने के लिए
(d) To reduce infection risk/ संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए

**Ans. (b) :** डायलिसिस रोगियों के लिए बीटा-2 माइक्रोग्लोब्युलिन के स्तर को कम करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि बीटा-2 माइक्रोग्लोब्युलिन का उच्च स्तर मृत्यु दर में वृद्धि के साथ महत्वपूर्ण रूप से जुड़ा हुआ हैं डायलिसिस के माध्यम से B2M के स्तर को कम करना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह डायलिसिस संबंधी एमिलायडोसिस के विकास को रोकने में मदद कर सकता है।

**43. What is the primary renal lesion found in both chronic analgesic nephropathy and heavy metal nephropathy?**
**क्रोनिक एनाल्जेसिक नेफ्रोपैथी और भारी धातु नेफ्रोपैथी दोनों में पाई जाने वाली प्राथमिक गुर्दे की क्षति क्या है?**

(a) Chronic interstitial nephritis/क्रोनिक इंटरस्टीशियल नेफ्राइटिस
(b) Glomerulonephritis/ ग्लोमेरुलोनेफ्रैटिस
(c) Acute tubular necrosis/ एक्यूट ट्यूबलर नेक्रोसिस
(d) Renal artery stenosis/ रीनल आर्टरी स्टेनोसिस

**Ans. (a) :** क्रोनिक इंटरस्टिशियल नेफ्राइटिस स्थिति एनाल्जेसिक नेफ्रोपैथी व हेवी मेटल नेफ्रोपैथी दोनों की एक खास विशेषता है। लम्बे समय तक दर्द निवारक दवाओं जैसे एस्पिरिन फेनासेटिन व NSAID दवाओं के उपयोग से गुर्दे को क्षति पहुंचती है जिससे क्रोनिक अंतरालीय नेफ्राइटिस हो जाता है सीसा व कैडमियम जैसी भारी धातुओं के संपर्क में आने से गुर्द की नलिकाओं व अंतरालीय भाग को क्षति पहुँच सकती है।

**44. Which medication is used to treat hypotension during dialysis?**
**डायलिसिस के दौरान हाइपोटेंशन (निम्न रक्तचाप) का इलाज करने के लिए किस दवा का उपयोग किया जाता है?**

(a) Furosemide/ फ्यूरोसेमाइड
(b) Spironolactone/ स्पिरोनोलैक्टोन
(c) Midodrine/ मिडोड्रीन
(d) Metoprolol/ मेटोप्रोलोल

**Ans. (c) :** मिडोड्रीन का उपयोग हेमोडायलिसिस रोगियों में इंट्राडायलिटिक हाइपोटेशन को रोकने या प्रबंधित करने में किया जाता है। यह परिधीय वहिकासंकीर्णन के माध्यम से रक्तचाप को बढ़ाकर काम करता हैं मिड्रोडीन अल्फा-1 एड्रीनर्जिक एगोनिस्ट है। यह रक्त वहिकाओं में अल्फा-1 रिसेप्टर्स को उत्तेजित करता है।

**45. According to the Association for the Advancement of Medical Instrumentation (AAMI) standards, what is the maximum allowable total viable bacterial count in water used for hemodialysis?**
**एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ मेडिकल इंस्ट्रूमेंटेशन (AAMI) मानकों के अनुसार, हेमोडायलिसिस के लिए उपयोग किए जाने वाले पानी में कुल जीवित जीवाणु गणना की अधिकतम स्वीकार्य सीमा क्या है?**

(a) <100 CFU/mL
(b) <200 CFU/mL
(c) <50 CFU/mL
(d) <500 CFU/mL

**Ans. (b) :** एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेन्ट ऑफ मेडिकल इंस्ट्रूमेंशन (AAMI) के दिशा निर्देशों के अनुसार हेमोडायलिसिस के लिए उपयोग किए जाने पानी में अधिकतम स्वीकार्य जीवाणु की संख्या 200 CFU/ml से कम है। यह दिशा निर्देश यह भी निर्दिष्ट करता है कि डायलिसिस प्रक्रिया में उप्रयुक्त होने वाले द्रव डायलिसेट में बैक्टीरिया की संख्या 200° CFU से कम होनी चाहिए।

**46. During Plasmapheresis, calcium monitoring is essential due to the risk of:**
**प्लाज्माफेरेसिस के दौरान, किस जोखिम के कारण कैल्शियम की निगरानी आवश्यक है?**

(a) Citrate induced hypocalcemia/ साइट्रेट प्रेरित हाइपोकैल्शीमिया
(b) Hyponatremia/ हाइपोनेट्रेमिया
(c) Hypokalemia/ हाइपोकैलिमिया
(d) Hypophosphatemia/ हाइपोफॉस्फेटेमिया

**Ans. (a) :** प्लाज्माफेरेसिस के दौरान कैल्शियम की निगरानी महत्वपूर्ण है क्योंकि रक्त के थक्के को बनने से रोकने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एंटीकोगुलेंट साइट्रेट कैल्शियम से बंध सकता हैं जिससे आयनित कैल्शियम के स्तर में कमी आ सकती हैं इसके परिणाम स्वरूप हाइपोकैल्सीमिया हो सकता है।

**47. How often should the cleaning in a surface cleaning machine be replaced?**
**एक सतह सफाई मशीन में सफाई (घोल/सामग्री) को कितनी बार बदलना चाहिए?**

(a) After every shift/ हर शिफ्ट के बाद
(b) once a month/ महीने में एक बार
(c) Every day/ हर दिन
(d) Once a week/ सप्ताह में एक बार

**Ans. (a) :** डायलिसिस मशीनों में सतह की सफाई करने वाली मशीन के भीतर सफाई के लिए प्रतिस्थापन की आवृत्ति भिन्न-भिन्न होती हैं लेकिन प्रायः प्रत्येक उपचार के बाद या मशीन के उपयोग में न होने पर 72 घंटे के बाद मशीन को साफ करने की सलाह दी जाती है। अगले मरीज को डायलिसिस करने से पहले डायलिसिस मशीन को साफ व कीटाणुरहित किया जाना चाहिए।

**48. Which of the following methods helps avoid the impact of access recirculation on URR or spKt/V during dialysis?**
**डायलिसिस के दौरान URR या spKt/V पर एक्सेस रीसर्कुलेशन के प्रभाव से बचने में निम्नलिखित में से कौन सी विधि मदद करती है?**

(a) Increasing the dialysate flow/डायलीसेट प्रवाह को बढ़ाना
(b) Slowing the blood pump to below the access flow rate for 10–20 seconds/ ब्लड पंप को 10-20 सेकंड के लिए एक्सेस फ्लो रेट से नीचे धीमा करना
(c) Drawing blood from the venous line/ वेनस लाइन से रक्त निकालना
(d) Stopping the blood pump immediately before blood sampling/रक्त का नमूना लेने से ठीक पहले ब्लड पंप को रोकना

**Ans. (b) :** डायलिसिस में स्टॉप फ्लो विधि एक ऐसी तकनीक है जिसका उपयोग हेमोडायलिसिस के दौरान एक्सेस रीसर्कुलेशन का आंकलन करने के किया जाता है। इस विधि का तात्पर्य पोस्ट डायलिसिस रक्त का नमूना लेने से पहले थोड़े समय के लिए रक्त पंप प्रवाह दर को रोकना या कम करना है।

**49. What is the primary purpose of disinfecting dialysis machines according to the manufacturer's recommendations?**
**निर्माता की सिफारिशों के अनुसार डायलिसिस मशीनों को कीटाणुरहित करने का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

(a) To reduce the cost of dialysis treatments/डायलिसिस उपचार की लागत को कम करने के लिए
(b) To maintain the temperature of the dialysis fluid/डायलिसिस द्रव के तापमान को बनाए रखने के लिए
(c) To improve the efficiency of the dialyzer during treatment/ उपचार के दौरान डायलाइज़र की दक्षता में सुधार करने के लिए
(d) To prevent the growth of bacteria and endotoxins in the Hydraulic system/ हाइड्रोलिक सिस्टम में बैक्टीरिया और एंडोटॉक्सिन की वृद्धि को रोकने के लिए

**Ans. (d) :** डायलिसिस मशीनों को कीटाणुरहित करने का प्राथमिक उद्देश्य, हाइड्रोलिक सिस्टम में जीवाणु और एंडोटॉक्सिन के विकास को रोकना है। ये डायलिसिस उपचार के दौरान रोगी की सुरक्षा बनाए रखने में जरूरी कदम हैं। कीटाणुशोधन का मुख्य उद्देश्य डायलिसिस उपकरण से जुड़े संक्रमण के जोखिम को कम करना है।

**50. What is another term for the brand name of a drug?**
**किसी दवा के ब्रांड नाम के लिए दूसरा शब्द क्या है?**

(a) Trade name/ ट्रेड नाम
(b) Scientific name/ वैज्ञानिक नाम
(c) Chemical name/ रासायनिक नाम
(d) Generic name/ जेनेरिक नाम

**Ans. (a) :** दवाओं के व्यापारिक नाम को औषधि ब्रांड नाम या दवा व्यापार नाम कहा जाता है। यह दवा कंपनी द्वारा अपनी दवा को बाजार में पहचान दिलाने के लिए दिया गया विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए दिया गया विशिष्ट नाम है जैसे एक दवा का जेनेरिक नाम ओफ्लोक्सासिन है, लेकिन इसका व्यापारिक नाम ओफ्लॉक्स-200 है।

**51. A gradual rise in venous pressure with normal arterial pressure during HD is most commonly due to:**
**हेमोडायलिसिस (HD) के दौरान सामान्य धमनी दाब के साथ शिरापरक दाब में क्रमिक वृद्धि का सबसे आम कारण क्या है?**

(a) Air in the dialyzer/डायलाइज़र में हवा
(b) Clotting in the dialyzer or venous chamber/डायलाइज़र या वेनस चैंबर में थक्का जमना
(c) Dialysate flow error/डायलीसेट प्रवाह में त्रुटि
(d) Hemolysis/ हेमोलिसिस

**Ans. (b) :** हेमोडायलिसिस के दौरान सामान्य धमनी दबाव के साथ शिरापरक दबाव में क्रमिक वृद्धि वास्तव में डायलाइजर या शिरापरक कक्ष के भीतर थक्के के साथ सबसे अधिक जुड़ी हुई है। इसका कारण यह है कि इन क्षेत्रों में थक्के रक्त प्रवाह को बाधित करते है, शिरापरक प्रणाली में प्रतिरोध बढ़ाते है और इस प्रकार शिरापरक दबाव में वृद्धि होती है।

**52. Which endocrine gland is responsible for regulating metabolism?**
**कौन सी अंत:स्त्रावी ग्रंथि चयापचय को विनियमित करने के लिए जिम्मेदार है?**

(a) Pituitary gland/ पिट्यूटरी ग्रंथि
(b) Thyroid gland/ थायरॉयड ग्रंथि
(c) Adrenal gland/ एड्रीनल ग्रंथि
(d) Pancreas/ अग्न्याशय

**Ans. (b) :** थाइरॉयड एक छोटी ग्रंथि है, जिसकी चौड़ाई लगभग 2 इंच होती है, जो गर्दन में त्वचा के ठीक नीचे मौजूद होती है। ग्रंथि के दो हिस्से बीच में जुड़े होते हैं। थाइरॉइड ग्रंथि, थाइरॉयड हॉर्मोन का स्राव करती है, जो उस गति को नियंत्रित करते है, जिससे शरीर की चयापचय दर प्रभावित होती है।

**53. Leukocytes move along chemical gradients toward sites of inflammation in a process known as:**
**ल्यूकोसाइट्स रासायनिक प्रवणताओं के साथ सूजन वाले स्थानों की ओर एक प्रक्रिया में चलती हैं जिसे कहा जाता हैः**

(a) Chemomigration/ केमोमाइग्रेशन
(b) Chemotaxis/ कीमोटैक्सिस
(c) Chemotrophy/ कीमोट्रॉफी
(d) Phagocytosis/ फैगोसाइटोसिस

**Ans. (b) :** कीमोटैक्सिस ल्यूकोसाइट्स सहित कोशिकाओं की रासायनिक ढाल की ओर गति जो एक विशिष्ट रसायन की बढ़ती सान्द्रता की दिशा है। सूजन के संदर्भ में क्षतिग्रस्त ऊतकों या रोगजनकों से निकलने वाले रासायनिक संकेतो द्वारा ल्यूकोसाइट्स को चोट या संक्रमण के स्थलों की ओर निर्देशित किया जाता है।

**54. According to AAMI dialysis water quality standards, what are the maximum allowable limits for bacterial count and endotoxin levels in water used for dialysis?**
**AAMI डायलिसिस जल गुणवत्ता मानकों के अनुसार, डायलिसिस के लिए उपयोग किए जाने वाले पानी में जीवाणु गणना और एंडोटॉक्सिन के स्तर की अधिकतम स्वीकार्य सीमाएं क्या हैं?**

(a) <200 CFU/mL and <0.5 EU/mL/<200 CFU/mL और <0.5 EU/mL
(b) <50 CFU/mL and <0.125 EU/mL/<50 CFU/mL और <0.125 EU/mL
(c) <200 CFU/mL and <0.05 EU/mL/<200 CFU/mL और <0.05 EU/mL
(d) <100 CFU/mL and <0.25 EU/mL/<100 CFU/mL और <0.25 EU/mL

**Ans. (d) :** डायलिसिस जल गुणवत्ता के लिए AAMI मानकों के अनुसार जीवाणु गणना की अधिकतम अनिवार्य सीमा 100 CFU/ml से कम व एंडोटॉक्सिन स्तर की अधिकतम स्वीकार्य सीमा 0.25 EU/ml से कम हैं। बैक्टीरिया की संख्या और एंडोटॉक्सिन के स्तर को कम रखकर डायलिसिस रोगियों में संक्रमण को रोका जा सकता है।

**55. The formula for ultrafiltration (UF) rate in dialysis is:**
**डायलिसिस में अल्ट्राफिल्ट्रेशन (UF) दर का सूत्र हैः**

(a) UF rate =QD × KF/V/ UF दर = QD × KF/V
(b) UF rate = QD × Blood flow rate/ UF दर = QD × रक्त प्रवाह दर
(c) UF rate= KUF × TMP/UF दर = KUF × TMP
(d) UF rate =TMP × Dialyzer surface area/ UF दर = TMP × डायलाइज़र सतह क्षेत्र

**Ans. (c) :** हेमोडायलिसिस में अल्ट्राफिल्ट्रेशन दर (UFR) अल्ट्राफिल्ट्रेशन गुणांक (KUF) और ट्रांसमेम्ब्रेन प्रेशर (TMP) द्वारा निर्धारित की जाती हैं।
UFR = KUF × TMP
जहाँ KUF पानी के लिए डायलाइजर की पारगम्यता का एक माप हैं। इसे mL/hr/mmHg में व्यक्त किया जाता है।

**56. Which of the following factors enhances solute removal by diffusion during dialysis?**
**निम्नलिखित में से कौन सा कारक डायलिसिस के दौरान विसरण द्वारा विलेय को हटाने की प्रक्रिया को बढ़ाता है?**

(a) Increasing dialysate solute concentration gradient/डायलीसेट विलेय सांद्रता प्रवणता को बढ़ाना
(b) Decreasing dialysate flow rate/डायलीसेट प्रवाह दर को कम करना
(c) Decreasing dialyzer membrane thickness/डायलाइज़र झिल्ली की मोटाई को कम करना
(d) Using high molecular weight solutes/ उच्च आणविक भार वाले विलेय का उपयोग करना

**Ans. (a) :** रक्त और डायलीसेट घोल के बीच सांद्रता प्रवणता बढ़ाने से डायलिसिस के दौरान विसरण के माध्यम से विलेय निष्कासन में वृद्धि होती है। सांद्रता अंतर जितना अधिक होगा, उतनी तेजी से विलेय अर्द्धपारगमय झिल्ली के पार उच्च सान्द्रता वाले क्षेत्र से कम सांद्रता वाले क्षेत्र में चले जाएँगे।

**57. Who in the dialysis team is mainly responsible for the patient's nutritional assessment and guidance?**
**डायलिसिस टीम में कौन मुख्य रूप से रोगी के पोषण संबंधी मूल्यांकन और मार्गदर्शन के लिए जिम्मेदार है?**

(a) Renal Dietitian/ रीनल डायटीशियन (गुर्दा रोग आहार विशेषज्ञ)
(b) Nephrologist/ नेफ्रोलॉजिस्ट (गुर्दा रोग विशेषज्ञ)
(c) Social Worker/ सोशल वर्कर (सामाजिक कार्यकर्ता)
(d) Dialysis Technician/डायलिसिस टेक्निशियन

**Ans. (a) :** रीनल आहार विशेषज्ञ किडनी रोग से पीड़ित व्यक्तियों की पोषण संबंधी आवश्कताओं पर ध्यान केंद्रित करता हैं ये मरीजों को किडनी के अनुकूल आहार के महत्व के बारे में शिक्षित करते हैं एवं उनके भोजन के विकल्प, भोजन योजना और खाना पकाने की विधियों के बारे में मार्गदर्शन करते हैं।

**58. Which of the following is the most common cause for initiating emergency hemodialysis in patients with acute kidney injury?**

**तीव्र गुर्दे की चोट वाले रोगियों में आपातकालीन हेमोडायलिसिस शुरू करने का सबसे आम कारण निम्नलिखित में से कौन सा है?**

(a) Pulmonary edema/पल्मोनरी एडिमा
(b) Severe metabolic acidosis (pH < 7.0)/ गंभीर मेटाबोलिक एसिडोसिस (pH < 7.0)
(c) Uremic encephalopathy/ यूरेमिक एन्सेफैलोपैथी
(d) Hyperkalemia ($K^+$ > 7.0 mmol/L)/ हाइपरकैलेमिया ($K^+$ > 7.0 mmol/L)

**Ans. (d) :** तीव्र किडनी फेल्योर रोगियों में हाइपरकैलेमिया (उच्च पोटैशियम स्तर) एक गंभीर चिकित्सा स्थिति है जो हृदय और मांसपेशियों के कार्य को प्रभावित कर सकती हैं। आपातकालीन हेमोडायलिसिस हाइपरकैलेमिया के उपचार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, खासकर जब अन्य उपचार प्रभावी नहीं होते या स्थिति गंभीर होती है।

**59. Which fluid is commonly used for priming the dialyzer circuit before initiating dialysis?**
**डायलिसिस शुरू करने से पहले डायलाइज़र सर्किट को प्राइम करने के लिए आमतौर पर किस तरल पदार्थ का उपयोग किया जाता है?**

(a) Dextrose solution/डेक्सट्रोज घोल
(b) Normal saline 0.45%/ नॉम सैलाइन 0.45%
(c) Normal saline 0.9%/ नॉर्मल सैलाइन 0.9%
(d) Distilled water/ आसुत जल

**Ans. (c) :** डायलिसिस शुरू करने से पहले डायलाइजर सर्किट को प्राइम करने के लिए सामान्य रूप से नॉर्मल सैलाइन (0.9% सोडियम क्लोराइड घोल) का उपयोग किया जाता है। प्राइमिंग का उद्देश्य डायलाइजर और रक्त लाइनों से हवा को हटाकर एक जैव संगत घोल से भरना हैं नॉर्मल सैलाइन का उपयोग प्राइमिंग के लिए किया जाता हैं क्योंकि यह शरीर के तरल पदार्थों के साथ संगत होता हैं और रक्त कोशिकाओं को नुकसान नहीं पहुँचाता है।

**60. What is the recommended serological test to assess dialysis hepatitis B vaccine active in dialysis patients?**
**डायलिसिस रोगियों में हेपेटाइटिस बी वैक्सीन की सक्रियता का आकलन करने के लिए अनुशंसित सीरोलॉजिकल परीक्षण क्या है?**

(a) Anti – HBs/ एंटी-HBs
(b) Anti-HBc/ एंटी-HBc
(c) HBe- Ag/ HBe-Ag
(d) HBsAg/ HBsAg

**Ans. (a) :** डायलिसिस रोगियों में हेपेटाइटिस बी वैक्सीन की प्रतिक्रिया की निगरानी करने और यह निर्धारित करने के लिए कि वे पर्याप्त रूप से प्रतिरक्षित है या नहीं, एंटी एच बी एस (एंटीबॉडी टू हेपेटाइटिस बी सरफेस एंटीजन) सीरोलॉजिकल टेस्ट किया जाता हैं। डायलिसिस रोगियों में हपेटाइटिस बी वैक्सीन की प्रतिक्रिया की निगरानी करना महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें हेपेटाइटिस बी का संक्रमण का उच्च जोखिम होता है।

**61. Which of the following monitoring parameters on a hemodialysis (HD) machine is most critical to assess and prevent hemolysis during dialysis treatment?**
**हेमोडायलिसिस (HD) मशीन पर निम्नलिखित में से कौन सा निगरानी पैरामीटर डायलिसिस उपचार के दौरान हेमोलिसिस (रक्त कोशिकाओं का टूटना) का आकलन करने और उसे रोकने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है?**

(a) Transmembrane pressure/ ट्रांसमेम्ब्रेन दबाव
(b) Dialysate temperature/डायलीसेट तापमान
(c) Ultrafiltration rate/अल्ट्राफिल्ट्रेशन दर
(d) Blood flow rate/रक्त प्रवाह दर

**Ans. (d) :** डायलिसिस के दौरान हेमोलिसिस को रोकने के लिए डायलिसिस मशीन पर रक्त प्रवाह दर डायलिसेट प्रवाह दर और डायलिसेट तापमान की निगरानी करना महत्वपूर्ण कदम हैं अनुचित तापममान हेमोलिसिस का कारण बन सकता है। डायलिसिस मशीन पर तापमान की निगरानी करने से जोखिम को कम करने और रोगी की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलती है।

**62. What type of vascular has the highest risk of infection?**
**किस प्रकार के वैस्कुलर एक्सेस में संक्रमण का खतरा सबसे अधिक होता है?**

(a) Non-Tunneled catheter/ नॉन-टनल्ड कैथेटर
(b) AV graft/ एवी ग्राफ्ट
(c) AV fistula/ एवी फिस्टुला
(d) Tunneled catheter/ टनल्ड कैथेटर

**Ans. (a) :** नॉन टनल कैथेटर (अस्थायी कैथेटर) से संक्रमण का खतरा अधिक होता है क्योंकि नॉन टनल कैथेटर त्वचा के बाहर से प्रवेश करते हैं, जिससे बैक्टीरिया और अन्य रोगाणुओं के प्रवेश का खतरा बढ़ जाता है। नॉन-टनल कैथेटर आमतौर पर अस्थायी रूप से उपयोग किए जाते है और इनमें संक्रमण का खतरा अधिक होता है।

**63. Which of the following is not the type of synthetic membrane?**
**निम्नलिखित में से कौन सा सिंथेटिक (कृत्रिम) झिल्ली का प्रकार नहीं है?**

(a) Cellulosic/सेल्युलोसिक
(b) Polyacrylonitrile/ पॉलीएक्रिलोनाइट्राइल
(c) Polysulfone/ पॉलीसल्फोन
(d) Polyethersulfone/ पॉलीईथरसल्फोन

**Ans. (a) :** सेल्युलोसिक झिल्ली सिंथेटिक नहीं होती है। सेल्युलोसिक झिल्लियाँ प्राकृति पॉलिमर-सेल्यूलोज से बनायी जाती है, जो एक जैव संगत एवं दूसरी ओर मानव निर्मित पॉलिमर होते है, जो पॉलीसल्फोन, पॉलीमाइड आदि से बनायी जाती है।

**64. What is the preferred approach to anticoagulation in CRRT for patients with thrombocytopenia?**
**थ्रोम्बोसाइटोपेनिया वाले रोगियों के लिए CRRT में एंटीकोएग्युलेशन (रक्त का थक्का जमने से रोकना) के लिए पसंदीदा तरीका क्या है?**

(a) Citrate anticoagulation/ साइट्रेट एंटीकोएग्युलेशन
(b) Anticoagulation-free/ एंटीकोएग्युलेशन-मुक्त
(c) Normal heparin anticoagulation/ सामान्य हेपरिन एंटीकोएग्युलेशन
(d) Low-dose heparin anticoagulation/ कम-खुराक हेपरिन एंटीकोएग्युलेशन

**Ans. (a) :** CRRT तकनीक में साइट्रेट एंटीकॉएगुलेशन एक प्रभावी तरीका हो सकता है, ,खासकर थ्रोम्ब्रोसाइटोपेनिया वाले रोगियों में। साइट्रेट एंटीकोएगुलेशन प्लेटलेट की संख्या की कम नहीं करता, जो थ्रोम्बो साइटोपेनिया वाले रोगियों के लिए फायदेमंद हो सकता है। CRRT में साइट्रेट एंटीकोएगुलेशन का उपयोग करने से सर्किट के थक्का जमने को रोकने और रोगी के रक्तस्राव के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।

**65. Heparin free dialysis is commonly used in:**
**हेपरिन मुक्त डायलिसिस का उपयोग आमतौर पर किसमें किया जाता है?**

(a) Patients on anticoagulation therapy/ एंटीकोएग्युलेशन थेरेपी पर मौजूद रोगी
(b) Outpatient dialysis/ आउट पेशेंट डायलिसिस
(c) Patients with high clotting tendency/ उच्च क्लॉटिंग (थक्का जमने की) प्रवृत्ति वाले रोगी
(d) Patients with recent surgery or active bleeding/ हाल ही में सर्जरी या सक्रिय रक्तस्राव वाले रोगी

**Ans. (d) :** हिपैरिन मुक्त डायलिसिस का उपयोग उन रोगियों में किया जाता है, जिनमें रक्त स्राव का उच्च जोखिम होता है, जैसे जिन रोगियों ने हाल ही में सर्जरी करवाई हैं, उनमें रक्तस्राव का जोखिम अधिक होता है। ऐसे व्यक्तियों में जिनमें सक्रिय रक्तस्राव हो रहा हो, उनमें हिपैरिन का उपयोग करना खतरनाक हो सकता है। हिपैरिन मुक्त डायलिसिस में डायलिसि सर्किट को हिपैरिन के बिना चलाया जाता है, जिससे रक्तस्राव के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है।

**66. Why is it important to test for residual formalin in dialyzers before reuse?**
**पुनः उपयोग से पहले डायलाइज़र में अवशिष्ट फॉर्मेलिन का परीक्षण करना क्यों महत्वपूर्ण है?**

(a) To prevent clotting in the dialyzer/डायलाइज़र में थक्के को रोकने के लिए
(b) To ensure correct blood flow rate/ सही रक्त प्रवाह दर सुनिश्चित करने के लिए
(c) To avoid patient exposure to toxic levels of formaldehyde/ रोगी को फॉर्मेल्डिहाइड के जहरीले स्तरों के संपर्क में आने से बचाने के लिए
(d) To improve dialysate conductivity/डायलीसेट चालकता में सुधार करने के लिए

**Ans. (c) :** डायलाइजर के पुनः उपयोग से पहले अवशिष्ट फार्मेल्डिहाइड का परीक्षण करना महत्वपूर्ण है क्योंकि फार्मेल्डिहाड एक विषाक्त रसायन है जो रोगी के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता हैं अवशिष्ट फॉमेल्डिहाड का परीक्षण करने से यह सुनिश्चित किया जा सकता है, कि डायलाइजर सुरिक्षत रूप से पुनः उपयोग किया जा सकता है और रोगी के स्वास्थ्य को खतरा नहीं है।

**67. Which of the following is the most common type of kidney stone found in patients with urolithiasis?**
**यूरोलिथियासिस (मूत्र पथरी) के रोगियों में पाई जाने वाली सबसे आम प्रकार की गुर्दे की पथरी निम्नलिखित में से कौन सी है?**

(a) Struvite stone/ स्ट्रुवाइट पथरी
(b) Calcium oxalate stone/ कैल्शियम ऑक्सालेट पथरी
(c) Cystine stone/ सिस्टीन पथरी
(d) Uric acid stone/ यूरिक एसिड पथरी

**Ans. (b) :** यूरोलिथियासिस (गुर्दे की पथरी) रोगियों में कैल्शियम ऑक्सालेट पथरी एक आम प्रकार की पथरी होती है। मूत्र में अत्यधिक कैल्शियम की मात्रा कैल्शियम ऑक्सालेट पथरी के निर्माण में योगदान करा सकती है।

**68. Which of the following is most commonly associated with peritonitis in peritoneal dialysis (PD) patients?**
**पेरिटोनियल डायलिसिस (PD) के रोगियों में पेरिटोनाइटिस (पेट की झिल्ली में सूजन) से सबसे अधिक सामान्य रूप से निम्नलिखित में से क्या जुड़ा हुआ है?**

(a) Headache/ सिरदर्द
(b) Back pain/ पीठ दर्द
(c) Chest pain/ सीने में दर्द
(d) Abdominal pain/ पेट दर्द

**Ans. (d) :** पेरिटोनियल डायलिसिस के रोगी में पेट दर्द संक्रमण के साथ जुड़ा हो सकता है। पेरिटोनियल डायलिसिस के दौरान संक्रमण का खतरा होता है, जिसेस पेरिटोनिटिस हो सकता है, जो पेट दर्द का कारण बन सकता है। कैथेटर की अनुचित स्थिति या अवरोध के कारण भी पेट दर्द भी हो सकता है।

**69. What is the basic functional unit of the nervous system?**
**तंत्रिका तंत्र की मूल कार्यात्मक इकाई क्या है?**

(a) Dendrite/डेंड्राइट
(b) Axon/ एक्सॉन
(c) Synapse/ साइनेप्स
(d) Neuron/ न्यूरॉन

**Ans. (d) :** न्यूरॉन्स जिन्हें तंत्रिका कोशिकाएं भी कहा जाता है, तंत्रिका तंत्र के मूल तत्व है। ये पूरे शरीर में संकेतों को प्रसारित करने या संचारित करने के लिए जिम्मेदार है। संवेदी न्यूरॉन्स शरीर में मॉजदू संवेदी रिसेपटर कोशिकाओं से मस्तिष्क तक सूचना पहुँचाते है व मोटर न्यूरॉन्स मस्तिष्क से हमारी मांसपेशियों तक सूचना पहुँचाते है।

**70. Which of the following is a recognized genetic cause of tubulointerstitial nephritis with autosomal dominant inheritance?**
**निम्नलिखित में से कौन सा ऑटोसोमल डोमिनेंट वंशानुक्रम के साथ ट्यूबुलोइंटरस्टीशियल नेफ्रैटिस का एक मान्यता प्राप्त आनुवंशिक कारण है?**

(a) WT1 gene mutation/ WT1 जीन उत्परिवर्तन
(b) MUC1 gene mutation/MUC1 जीन उत्परिवर्तन
(c) Alport syndrome/एलपोर्ट सिंड्रोम
(d) Fabry disease/फैब्री रोग

**Ans. (b) :** MUCI जीन ट्यूबलोइंटरस्टीशियल नेफ्राइटिस के कुछ रूपों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विशेष रूप से ऑटोसोमल डोमिनेट ट्युबुलोइंटरस्टीशियल किडनी रोग में जिसे म्यूसिन 1 किडनी रोग कहा जाता है। MUC 1 एक ट्रांसमेम्ब्रेन ग्लाइको प्रोटीन है जो गुर्दे सहित विभिन्न ऊतकों में पाया जाता हैं ADTKD-MUC1 में MUC1 जीन में फ्रेमशिफ्ट म्यूटेशन के परिणामस्वरूप निक्रिश MUC1 प्रोटीन (MUC1 FS) का उत्पादन होता है।

**1. In a conference meeting of professors from all over the country, eight members named Dr. L, Dr. M, Dr. N, Dr. O, Dr. P, Dr. Q, Dr. R and Dr. S were seated in a circular table facing centre. Dr. P was seated second to the left of Dr. S. Only two persons were seated between Dr. M and Dr. P. Dr. O and Dr. S were immediate neighbours. Dr. N was seated third to the left of Dr. S. Dr. Q was seated to the immediate right of Dr. S. Dr. M was seated second to the right of Dr. Q. Neither Dr. Q nor Dr. S was an immediate neighbour of Dr. L. What is the position of Dr. S with respect to Dr. R?**
**देश भर के प्रोफेसरों की एक कॉन्फ्रेंस मीटिंग मे, Dr. L, Dr. M, Dr. N, Dr. O, Dr.P, Dr. Q, Dr. R और Dr. S नाम के आठ सदस्य एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे थे। Dr. P, Dr. S के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठे थे। Dr. M और Dr. P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे थे। Dr. O और Dr. S निकटतम पड़ोसी थे। Dr. N, Dr. S के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठे थे। Dr. Q, Dr. S के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठे थे। Dr. M, Dr. Q के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठे थे। Dr. L के निकटतम पड़ोसी न तो Dr. Q और न ही Dr. S थे। Dr. R के सापेक्ष Dr. S किस स्थान पर बैठे थे?**

(a) Fourth to the right/दाईं ओर चौथे
(b) Third to the right/दाईं ओर तीसरे
(c) Third to the left/बाईं ओर तीसरे
(d) Second to the left/बाईं ओर दूसरे

**Ans. (d) :** आठ सदस्यों को गोल मेज के चारों ओर बैठने का क्रम निम्नलिखित हैं।




अतः उपर्युक्त से स्पष्ट है कि Dr. S, Dr. R के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठे थे।

**2. Which of the following is NOT correct regarding the cytoplasm?**
**कोशिकाद्रव्य के संबंध में निम्नलिखित में कौन-सा कथन सही नही है?**

(a) Cytoplasm is composed of water, salts and various organic molecules/कोशिकाद्रव्य जल, लवण और विभिन्न कार्बनिक अणुओं से बना होता है।
(b) The cell's organelles are enclosed by membrane/कोशिका के अंगक झिल्ली से घिरे होते है।
(c) The cytoplasm contains all the cell's organelles/कोशिकाद्रव्य में कोशिका के सभी अंगक होते है।
(d) Cytoplasm is the fluid content inside the nuclear membrane/कोशिकाद्रव्य केन्द्रक झिल्ली के अंदर का तरल पदार्थ है।

**Ans. (d) :** साइटोप्लाज्म वास्तव में कोशिका झिल्ली और परमाणु झिल्ली के बीच मौजूद होता है। यह कोशिका के अंदर का अर्ध-द्रव पदार्थ है जिसमें विभिन्न कोशिकीय अंग और अणु होते हैं। परमाणु झिल्ली के अंदर का तरल पदार्थ न्यूक्लियोप्लाज्मा कहलाता है, न कि साइटोप्लाज्म।

**3. Which sanctuary, located in the Indian state of Rajasthan, is known for ducks and herons?**
**भारत के राजस्थान राज्य में स्थित कौन-सा अभयारण्य बत्तखों और बगुलों के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) Periyar Sanctuary/पेरियार अभयारण्य
(b) Keoladeo National Park/केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान
(c) Kelameru Bird Sanctuary/केलामेरु पक्षी अभयारण्य
(d) Manas Sanctuary/मानस अभयारण्य